समाचार

वेन्डरों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा निगम–महापौर

(शहरी पथ विक्रेताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन, महापौर ने किया कार्यशाला का उद्घाटन)

कोरबा 30 नवम्बर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि नगर के वेन्डरों को निगम हर संभव सुविधाएं व सहायता उपलब्ध कराएगा तथा उनके हितों की रक्षा की जाएगी किन्तु वेन्डर्स भी निगम प्रशासन को अपना सहयोग दें, अपने ठेले व दुकानों पर साफ–सफाई रखें, खाद्य पदार्थो को ढ़क कर रखें तथा निर्धारित स्थानों पर अपने ठेले आदि लगाए, ताकि आमनागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज शहरी पथ विक्रेताओं की एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये। जिला शहरी विकास अभिकरण कोरबा के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गीतांजलि भवन स्थित सभागार में शहरी पथ विक्रेताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का विविधत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने कार्यशाला में उपस्थित शहरी पथ विक्रेताओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि कार्यशाला में दी जा रही जानकारियों को आप सब पूर्ण रूप से ग्रहण करें, यह कार्यशाला आप लोगों के हित को ध्यान में रखकर ही आयोजित की गई है। उन्होने पथ विक्रेताओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती संगीता सक्सेना ने कहा कि खाद्य पदार्थो की स्वच्छता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, शहरी पथ विक्रेताओं को अपने ठेले व दुकानों में स्वच्छता के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक होना चाहिए। उन्होने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल अत्यंत संवेदनशील महिला हैं, वे नगर के वेन्डरों की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। आज कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न बिन्दुओं पर अपने विचार रखें तथा विभिन्न नियमों की जानकारी व वेन्डरों के अधिकार व कर्तव्य आदि से अवगत कराया। लीड बैंक मैनेजर सुरेन्द्र शाह एवं समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे ने वित्तीय समावेशन व सामाजिक सुरक्षा बीमा विषय पर, खाद्य अधिकारी श्री आर.आर. देवांगन ने खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता का रख–रखाव विषय पर, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर ने विशिष्ट नीतियां एवं सड़क विक्रेताओं से संबंधित कानून विषय पर, निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने अपशिष्ठ निपटान विषय से संबंधित विभिन्न नियमों व इस संबंध में पथ विक्रेताओं के दायित्वों के संबंध में जानकारी कार्यशाला में दी। कार्यशाला का संचालन मिशन मैनेजर बसंत किस्पोटा व धीरेन्द्र वर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक परियोजना अधिकारी प्रकाश नायडू ने किया।

<u>वेन्डर्स नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें</u>– निगम आयुक्त एवं जिला शहरी विकास अभिकरण के सिटी परियोजना अधिकारी श्री अजय कुमार अग्रवाल ने कार्यशाला में पहुंचकर शहरी पथ विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होने पथ विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके दायित्वों, कर्तव्यों एवं अधिकारों की जानकारी देने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है, कार्यशाला में बताई गई बातों को पूर्ण रूप से ग्रहण करें तथा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें, ताकि नगर की यातायात व्यवस्था तथा स्वास्थ्य व साफ–सफाई व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जा सके। उन्होने कहा कि आप जिस स्थान पर व्यवसाय करते हैं, वहां को साफ–सुथरा रखना आपका प्रथम कर्तव्य बनता है, खाद्य सामग्रियों को पूर्ण रूप से ढक कर रखें, प्लास्टिक डिपोस्टल का उपयोग बिलकुल न करें, बल्कि उसके स्थान पर वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। आयुक्त श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि शहरी पथ विक्रेताओं की समस्याओं से निगम पूरी तरह अवगत है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए

आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होने कहा कि निर्धारित वेंडिंग जोन में ही ठेले लगाए जाएं, निगम द्वारा आवश्यकता को देखते हुए नये वेंडिंग जोन बनाए जाने हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। घंटाघर स्थित चौपाटी को सुव्यवस्थित एवं सर्वसुविधायुक्त बनाए जाने की दिशा में भी काम किया जाएगा, किन्तु सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि वेन्डर्स अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा नियमों का पूर्ण रूप से पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

आज कार्यशाला के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, प्रदेश मंत्री कुसुम द्विवेदी, जिलाध्यक्ष सपना चौहान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ.आर.आर. देवांगन, लीड बैंक मैनेजर सुरेन्द्र शाह, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी श्रीधर बनाफर एवं अशोक बनाफर, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर धीरेन्द्र वर्मा व बसंत क्रिस्पोटा, सहायक परियोजना अधिकारी प्रकाश नायडू, ट्रेफिक प्रभारी मालिक राम एवं मनोज राठौर आदि के साथ काफी संख्या में शहरी पथ विक्रेता उपस्थित थे।